

हिंदी दैनिक खबर

हर पल, हमारी खबर

# केशववाणी

शनिवार 14 फ़रवरी 2026 बर्ष 02 अंक 139 पृष्ठ 4 www.keshavtv24.com Email:keshavtvbihar@gmail.com

**अनमोल वचन**

कड़ी मेहनत आपको
वहां पहुंचा देती है
जहां
अच्छी किस्मत शायद
आपको पहुंचा दे ।

## केवलज्ञान कल्याणक महोत्सव के दूसरे दिन निकाली गयी शोभा यात्रा

### जैन धर्म के 24 में 22 तीर्थंकर बिहार व झारखंड में ,सभी जीवों की रक्षा का संदेश देता है जैन धर्म

*अनुमंडल संवाददाता, राजगीर, राजीव लोचन की रिपोर्ट।*

केशववाणी । राजगीर (नालंदा)। जैन श्वेताम्बर कोठी नौलखा मंदिर में 20वें तीर्थंकर भगवान श्री मुनिसुब्रत स्वामी जी का केवलज्ञान कल्याणक तीन दिवसीय महोत्सव के दूसरे दिन शुक्रवार को शोभायात्रा निकाली गयी। नगर भ्रमण के दौरान सैंकड़ों श्रद्धालु नाचते गाते हुए नजर आये। नौलखा मंदिर में अट्ठारह पाप स्थानक पूजा का आयोजन हुआ। वहीं मुंबई के गायकों ने अपनी प्रस्तुति से सबों का मन मोहा। सबों ने अशोक भाई मेहता गुरुजी को नमन किया। मुनि दादा कल्याणक मंडल मुंबई के समीर भाई मेहता ने कहा कि भगवान श्री मुनिस. ुब्रत स्वामी का जन्म राजा सुमित्र की धर्मपत्नी रानी पद्मावती की रत्नकुक्षी से इसी पावन धरा पर हुआ था। भगवान का शरीर श्यामवर्ण का था। उनका लक्षण कछुआ है। भगवान के 18 गणधर थे।इनमें इन्द्र स्वामी प्रथम थे। कोमन मेहता ने कहा कि ऐसे ध. ार्मिक आयोजनों से यहां का कण–कण पवित्र होकर पूरा परिसर भक्तिमय हो जाता है। हम सबों का सौभाग्य है कि जैन धर्म के 24 तीर्थंकरों में 22 तीर्थंक. रों की निर्वाण भूमि बिहार एवं झारखंड में है।संस्था के अध्यक्ष शशिकांत नवलखा ने कहा कि तीर्थंकरों के जीवन चरित्र का यदि हम अनुशरण करें तो समस्त मानव जाति का कल्याण होगा। जियो और जीने दो के सिद्धांत को अपनाये तो विश्व में कहीं भी युद्ध की नौबत





नहीं आये। सभी जगहों पर भाईचारा बना रहेगा। संस्था के सचिव रंजन कुमार जैन ने कहा कि जैन धर्म सबों को आपस में मिलजुल कर रहना सिखाता है। सभी जीवों की रक्षा करने का संदेश देता है।

ट्रस्टी रणवीर कुमार जैन ने कहा कि ऐसे आयोजनों से राजगीर में भक्ति की धारा बहने लगती है। ट्रस्टी प्रमोद दुगड़ ने कहा कि राजगीर तीर्थ की पवित्र भूमि पर पधारे हुए समस्त श्रद्धालुओं का अभिनंदन है। सहायक प्रबंधक ज्ञानेन्द्र पांडेय ने कहा कि कल्याणक पूजा का आयोजन हर साल किया जाता है। भगवान की आराधना कर काफी सकून मिलता है। संस्था के कैशियर संजीव कुमार जैन ने कहा कि नौलखा मंदिर का निर्माण राजस्थान के कुशल कारीगरों के द्वारा किया गया है। 1954 में यह बनना शुरू हुआ था। इसमें प्रभु जी की प्रतिष्ठा 1961 में हुई थी। भगवान मुनि सुब्रत स्वामीजी भगवान श्रीराम के समकालीन थे।

यहां पर हर साल लाखों की संख्या में तीर्थयात्री आते हैं। मंदिर की ऐसी विशेषता है कि इसके निर्माण में लोहे का प्रयोग नहीं हुआ है। इस मौके पर ज्ञानेन्द्र पांडेय, संजीव कुमार जैन, ट्रस्टी अंकित चौरड़िया, प्रतीक जैन, जिमी मेहता, प्रभुलाल संघवी, परेश संघवी, राजु भाई, नीलेश भाई, भाविन भाई, दीपेश भाई, पारस शाह, ललित शाह, निपुन शाह, डौली जैन, मानसी जैन, मधु बेन, गीता बेन, पुनम बेन, रमेश चन्द्र भूरा, राजीव दुगड़, सुशील कुमार जैन, सुखराज जैन सहित अन्य मौजूद थे।



## महाशिवरात्रि पर आनंद धाम महादेव मंदिर में शिव–पार्वती विवाह महोत्सव की तैयारियां अंतिम चरण में, भजन–कीर्तन से गूंज रहा परिसर

**कुमार अभिषेक की रिपोर्ट, केशववाणी । (नालंदा)।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर अति प्राचीन आनंद धाम महादेव मंदिर में आयोजित होने वाले भगवान शिव एवं माता पार्वती के दिव्य विवाह महोत्सव को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है।

मंदिर परिसर में महिलाएं भजन–कीर्तन और मंगल गीत गाकर माहौल को भक्तिमय बना रही हैं। मंदिर को दुल्हन की तरह सजाया जा रहा है। रंग–बिरंगी रोशनी, आकर्षक सजावट और विशेष पूजा–अर्चना की व्यवस्था की जा रही है, जिससे पूरा क्षेत्र धार्मिक वातावरण में सराबोर है।

आयोजनकर्ता सनातन सेवक संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक सिंह ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भगवान शिव और माता पार्वती का पावन विवाह पूरे विधि–विधान और धूमधाम से संपन्न कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह विवाह महोत्सव पिछले 17 वर्षों से लगातार हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि महाशिवरात्रि भगवान शिव और माता पार्वती के पावन मिलन का पर्व है, जिसे लेकर श्रद्धालुओं में विशेष आस्था रहती है और बड़ी संख्या में भक्त इस आयोजन में शामिल होते हैं।

## हॉर्टिकल्चर कॉलेज नूरसराय में टिशू कल्चर आधारित आलू के विषाणु–मुक्त बीज उत्पादन तकनीक पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

**रानी सिन्हा की रिपोर्ट केशववाणी । नूरसराय (नालंदा)।** बामेती पटना के सौजन्य से उद्यान महाविद्यालय नूरसराय में टिशू कल्चर आधारित आलू के विषाणु–मुक्त बीज उत्पादन तकनीक विषय पर तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत की गई। प्रशिक्षण में नालंदा, पटना, जहानाबाद, गया, मुंगेर और वैशाली जिलों के कृषि प्रसार पदाधिकारी एवं प्रगतिशील किसानों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रणधीर कुमार ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उन्होंने किसानों को विभिन्न आलू किस्मों, उन्नत उत्पादन तकनीकों तथा रोगमुक्त और गुणवत्तापूर्ण बीज उपलब्ध कराने की वैज्ञानिक पद्धतियों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि टिशू कल्चर तकनीक के माध्यम से स्वस्थ, उच्च उत्पादकता वाले एवं रोग प्रतिरोधी पौधों का बड़े पैमाने पर उत्पादन संभव है, जिससे किसानों की आय में वृद्धि और बीज उत्पादन की स्थिरता सुनिश्चित की जा सकती है। प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन पाठ्यक्रम समन्वयक डॉ. शशांक शेखर सोलंकी एवं अन्य कृषि वैज्ञानिकों ने किया।



विशेषज्ञों ने बताया कि टिशू कल्चर आधारित विषाणु–मुक्त बीज उत्पादन तकनीक आलू बीज उत्पादन के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिसे व्यापक स्तर पर किसानों तक पहुंचाने की आवश्यकता है। इससे क्षेत्रीय कृषि विकास को नई दिशा मिलेगी और किसानों की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी। इस अवसर पर डॉ. एस.एस. सोलंकी, डॉ. बिनोद कुमार, डॉ. अनुपम आदर्श, डॉ. सुनील कुमार यादव, डॉ. परवीन फातिमा, डॉ. पंकज कुमार मंडल सहित अन्य वैज्ञानिक एवं अधिकारी मौजूद रहे।

## सिंदूर भरकर अपनाया, अगले ही दिन दुल्हन को घर से निकाला प्रेम विवाह पर परिवार का विरोध, पंचायत में सुलह की कोशिश

**रानी सिन्हा की रिपोर्ट, केशववाणी । नूरसराय (नालंदा)।** थाना क्षेत्र के बाराखुर्द पंचायत अंतर्गत खरजमा गांव में प्रेम प्रसंग से जुड़े वैवाहिक विवाद का मामला शुक्रवार को प्रकाश में आया। आरोप है कि युवक ने बुधवार रात युवती की मांग में सिंदूर भरकर उसे पत्नी के रूप में स्वीकार किया, लेकिन अगले ही दिन पा. रवारिक दबाव में दुल्हन को घर से बाहर कर दिया गया। इसके बाद मामले को लेकर पंचायत बैठाई गई। ग्रामीणों के अनुसार, गांव की एक युवती का पड़ोसी गांव खरजमा निवासी मुक्कू पासवान के पुत्र राहुल पासवान के साथ पिछले तीन वर्षों से प्रेम संबंध था। बताया जाता है कि करीब डेढ़ वर्ष पूर्व दोनों ने शादी भी की थी, लेकिन कुछ दिनों बाद आपसी मतभेद के कारण अलग हो गए थे। हाल के दिनों में दोनों के बीच फिर से नजदीकियां बढ़ीं। बुधवार रात राहुल युवती के घर पहुंचा और उसकी मांग में सिंदूर भरकर उसे अपनाया। वह रात भर वहीं रुका रहा। इस बात की जानकारी राहुल के परिजनों को मिली तो उन्होंने युवक पर लड़की को घर नहीं लाने का दबाव बनाया। गुरुवार को जब राहुल युवती को अपने घर लेकर पहुंचा तो परि. जनों के विरोध के कारण दुल्हन को घर से बाहर कर दिया गया। युवती पूरी रात दरवाजे पर ही बैठी रही।घटना की सूचना मिलते ही लड़की के परिजन और दर्जनों ग्रामीण खरजमा गांव पहुंचे और समझाने–बुझाने का प्रयास किया, लेकिन वर पक्ष के लोग मानने को तैयार नहीं हुए। शुक्रवार को दोनों पक्षों के बीच काफी कहासुनी के बाद पंचायत बुलाई गई। पंचायत में दोनों परिवारों के लोग, ग्रामीण, पंचायत के मुखिया, सरपंच तथा जिला परिषद पति सत्येंद्र मुकुट मौजूद रहे। युवती के पिता रूदल पासवान के चेन्नई में रहने और युवक के दादा के बक्सर में होने के कारण अंतिम निर्णय नहीं हो सका। मामले के समाधान के लिए 20 फरवरी को अगली पंचायत करने का निर्णय लिया गया। फिलहाल युवती अपने मायके लौट गई है और पूरे इलाके में इस घटना को लेकर चर्चा बनी हुई है।






# चलो वार्ड, चलो पंचायत अभियान के तहत +२ उच्च विद्यालय हथियावाँ में जागरूकता कार्यक्रम, संविधान की प्रस्तावना का हुआ सामूहिक पाठ

प्रेम सिंघानिया की रिपोट। केशववाणी (शेखपुरा)। जिला युवा कांग्रेस शेखपुरा की ओर से "चलो वार्ड, चलो पंचायत" कार्यक्रम के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण एवं प्रेरणादायक आयोजन संपन्न हुआ। यह कार्यक्रम +2 उच्च विद्यालय हथियावाँ परिसर में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक निरंजन पाण्डेय ने की। इसमें छात्र–छात्राओं, शिक्षकों एवं विद्यालय परिवार ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान समाज से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूकता अभियान चलाया गया। वक्ताओं ने बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के तहत बालिकाओं की शिक्षा, सुरक्षा एवं अधिकारों की रक्षा का संकल्प दिलाया। साथ ही दहेज उन्मूलन के माध्यम से दहेज प्रथा के दुष्परिणामों से समाज को मुक्त करने का संदेश दिया गया। नशा रोकथाम पर चर्चा करते हुए युवाओं से नशे से दूर रहकर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की अपील की गई। इसके अतिरिक्त वार्ड विकास योजना के जरिए स्थानीय स्तर पर विकास योजनाओं में सामुदायिक भागीदारी बढ़ाने पर बल दिया गया।



कार्यक्रम की सबसे प्रभावशाली गतिविधि भारतीय संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक पाठ रहा। विद्यालय के सभी छात्र–छात्राओं, शिक्षकों एवं अतिथियों ने एक स्वर में प्रस्तावना का पाठ कर लोकतांत्रिक मूल्यों, न्याय, समानता, स्वतंत्रता, बंधुत्व एवं धर्मनिरपेक्षता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। इस पहल ने युवाओं में संविधान के प्रति सम्मान और जागरूकता को और मजबूत किया।

यह आयोजन जिला युवा कांग्रेस की सामाजिक जिम्मेदारी, युवा शक्ति को सकारात्मक दिशा देने तथा ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में जन–जागरूकता फैलाने की दिशा में एक सराहनीय प्रयास माना जा रहा है।



# साइबर ठगी पर पुलिस की बड़ी कार्रवाई

## कतरीसराय थाना ने पाँच अपराधियों को दबोचा

**केशववाणी कतरीसराय (नालंदा)।** जिले में बढ़ते साइबर अपराध के खिलाफ पुलिस ने सख्त रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। गुप्त सूचना के आधार पर कतरीसराय थाना पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर पांच साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों के पास से ठगी में इस्तेमाल किए जा रहे मोबाइल फोन, सिम कार्ड और अन्य डिजिटल उपकरण बरामद किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर थानाध्यक्ष धर्मेन्द्र कुमार के नेतृत्व में गठित टीम ने थाना क्षेत्र के सुंदरपुर और बरीठ गांव के बीच चौवर (खेत/खंदा) में छापेमारी की। इस दौरान अपराधियों को मौके पर ही साइबर ठगी करते हुए पकड़ा गया। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों ने ऑनलाइन ठगी, फर्जी कॉल कर लोगों को झांसे में लेने तथा व्हाट्सएप के माध्यम से सुंदर महिला/युवती की तस्वीर भेजकर साथ रहने या गर्भवती करने के नाम पर मोटी रकम का लालच देकर ठगी करने की बात स्वीकार की है। पुलिस के अनुसार, ये गिरोह भोले–भाले युवकों को निशाना बनाकर उनसे पैसे वसूलता था।पुलिस ने प्रभात कुमार (मैरा), नितीश कुमार (सकुचीडिह), प्रीतम कुमार (गोवर्धन बिगहा), अनिल कुमार (मुड़लाचक, थाना वारसलीगंज, जिला नवादा) तथा एक विधि–विरुद्ध किशोर को हिरासत में लिया है। साथ ही सात स्मार्ट मोबाइल फोन, कई सिम कार्ड, साइबर ठगी से संबंधित डिजिटल सामग्री बरामद किया है। पुलिस ने सभी आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस प्रशासन ने आम लोगों से अपील की है कि किसी भी प्रकार की साइबर ठगी की सूचना तुरंत नजदीकी थाना या साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर दें। अनजान कॉल, लिंक या ओटीपी एवं बैंक संबंधी जानकारी किसी से साझा न करें।

# स्थापना दिवस पर श्री राधा कृष्ण मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना, भव्य भंडारा में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

अनुमंडल संवाददाता, राजगीर, राजीव लोचन की रिपोर्ट केशववाणी । बड़गांव सूर्यतालाब किनारे स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर का स्थापना दिवस शुक्रवार को श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर परिसर में विधिवत पूजा–अर्चना, धार्मिक अनुष्ठान तथा भव्य भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर की स्थापना स्वर्गीय तोमर महतो एवं यशोदा देवी की स्मृति में उनके परिजन डॉ. विश्वनाथ प्रसाद सिन्हा परिवार द्वारा कराई गई थी। प्रत्येक वर्ष स्थापना दिवस पर यहां धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन कर परंपरा निभाई जाती है।



कार्यक्रम के दौरान डॉ. चंदेश्वर प्रसाद ने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में लोग धर्म और आस्था से दूर होते जा रहे हैं, जिससे मानसिक तनाव बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि कर्म के साथ धर्म से जुड़ने पर जीवन में शांति मिलती है और प्रत्येक व्यक्ति को प्रतिदिन कम से कम आधा घंटा ईश्वर भक्ति में देना चाहिए। उन्होंने यह भी बताया कि बडगाम सूर्यपीठ धार्मिक दृष्टिकोण से अत्यंत महत्वपूर्ण स्थल है और पूर्वजों की आस्था को आगे बढ़ाते हुए यहां मंदिर का निर्माण कराया गया है, जिससे सामाजिक एकजुटता भी मजबूत होती है। इस अवसर पर डॉ. चंदेश्वर प्रसाद, किरण कुमारी, अशोक प्रसाद, मधु कंचन, वार्ड पार्षद विनीता कुमारी, मुख्य पार्षद प्रतिनिधि रंजीत कुमार, उपमुख पार्षद पिंकी कुमारी, मोहन कुमार, सामाजिक कार्यकर्ता संजय कुशवाहा समेत सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे।




# नालंदा की विरासत

# सफाई की वाट जोह रही अहिल्या कुंड, सूर्यकुंड परिसर में स्थित है अहिल्या कुंड

**सूर्यकुंड परिसर में स्थित अहिल्या कुंड**

## उचित देखरेख के अभाव में अहिल्या कुंड बन गया है कूड़ा दान

***अनुमंडल संवाददाता, राजगीर राजीव लोचन की रिपोर्ट। केशववाणी***

राजगीर (नालंदा)। पुराने समय में जिस तरह अहिल्या को पत्थर से औरत बनने के लिए भगवान श्रीराम का इंतजार करना पड़ा था, उसी तरह सूर्यकुंड परिसर में स्थित अहिल्या कुंड को सफाई के लिए किसी तारणहार की वाट जोहना पड़ रहा है। लगता है मानो अहिल्या कुंड में सालों से सफाई नहीं की गयी है। पानी में हरे रंग का काई जम गया है। गंदगी के कारण पानी का रंग ही बदल गया है। इस अंतरराष्ट्रीय पर्यटक नगरी में देश–विदेश से आने वाले तीर्थ यात्रियों व पर्यटकों के लिए 22 कुंड हैं व 52 धाराएं हैं। इनमें से कुछ कुंड में तो ताला ही लगा रहता है। कई में पानी की धार ही बंद हो गयी है। सूर्यकुंड परिसर में भी कई कुंड हैं जिसमें से एक अहिल्या कुंड भी है। परिसर का सौंदर्यीकरण एवं जीर्णोद्धार का काम वर्ष 2011 में हुआ था। अहिल्या कुंड को देखने से लगता है कि मानों सालों से इसकी सफाई नहीं की गयी है। इसके लिए न तो प्रशासन और न पंडा कमेटी जागरूक दिखती है। तभी तो कुंड के गेट में ताला जरूरी लटका है और उसके अंदर डस्टबिन रखा हुआ है। उसके अंदर कपड़ा भी पसरा है। इससे लगता है कि इस






*कुंड का लोग अपने पर्सनल उपयोग के लिए कर रहे हों। यहां पर देश के कोने–कोने से आने वाले पर्यटकों को इस कुंड की धारा का लाभ लेने से वंचित रहना पड़ रहा है।*

*लोगों की मानें तो कुंड की ऐसी मान्यता रही है कि जब राजगीर में तीन साल पर मलमास मेला लगता है उस समय यहां पर तैंतीस कोटि देवी–देवता का वास राजगीर में होता है। इस दौरान देश–विदेश से आने वाले श्रद्धालु यहां के सभी कुंड व धाराओं में स्नान कर लाभ उठाना चाहते हैं। लोगों का कहना है कि मेला के बाद राजगीर के कई कुंडों की स्थिति प्रशासन की अनदेखी के कारण बद से बदत्तर हो जाती है।*

लोगों ने प्रशासन से सभी कुंडों की लगातार सफाई करवाने की मांग की है ताकि श्रद्धालु यहां के धाराओं का लाभ ले सकें। वहीं इस वर्ष मेला भी लगने वाला है। इसके बाद भी इस कुंड की सफाई के प्रति लापरवाही देखी जा रही है। ऐसे में देश के विभिन्न जगहों से आने वाले पर्यटकों में गलत संदेश जा रहा है।

# नालंदा जिला के मरीजों के लिए राहत: बिहार शरीफ में 'माइंड केयर क्लिनिक एण्ड ममता मेडिकल हॉल' पर न्यूरो व मानसिक रोगों का विशेषज्ञ इलाज शुरू

**केशववाणी** ।
बिहार शरीफ (नालंदा)। जिले के लोगों के लिए अब स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में बड़ी राहत की खबर है। न्यूरो, मानसिक एवं नशा संबंधित बीमारियों के इलाज के लिए मरीजों को अब पटना या अन्य बड़े शहरों की दौड़ नहीं लगानी पड़ेगी। शहर के चोरा बगीचा मोड़, राजगीर रोड स्थित 'माइंड केयर क्लिनिक एण्ड ममता मेडिकल हॉल' में विशेषज्ञ चिकित्सकीय सेवा की विधिवत शुरुआत कर दी गई है। यहां प्रत्येक गुरुवार को मरीजों की जांच, परामर्श और उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

क्लिनिक में न्यूरो एवं मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉक्टर एन.एन. सिंह अपनी सेवाएं देंगे। उन्होंने बताया कि ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में मानसिक और न्यूरो संबंधी बीमारियों के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है, लेकिन सही इलाज और जागरूकता के अभाव में लोग समय पर उपचार नहीं करा पाते। इसी समस्या को देखते हुए स्थानीय स्तर पर यह सुविधा शुरू की गई है।

उन्होंने जानकारी दी कि क्लिनिक में मिर्गी, मा. इग्रेन, डिप्रेशन, तनाव, घबराहट, सिजोफ्रेनिया, ओसीडी, अनिद्रा, डिमेंशिया, भ्रम तथा यौन संबंधी समस्याओं सहित विभिन्न मानसिक रोगों का समुचित इलाज उपलब्ध रहेगा। मरीजों को दवा के साथ–साथ काउंसलिंग और मनोवैज्ञानिक परामर्श भी दिया जाएगा, ताकि वे तेजी से स्वस्थ हो सकें।



इसके अलावा शराब, सिगरेट, गुटखा व अन्य नशों की लत से पीड़ित लोगों के लिए विशेष नशा मुक्ति परामर्श की व्यवस्था की गई है। मोबाइल और इंटरनेट एडिक्शन, बच्चों में पढ़ाई में मन न लगना, अतिसक्रियता (हाइपरएक्टिविटी) जैसी समस्याओं के लिए भी विशेषज्ञ मार्गदर्शन और उपचार दिया जाएगा।

क्लिनिक प्रबंधन का कहना है कि स्थानीय स्तर पर ऐसी सुविधा उपलब्ध होने से मरीजों को समय पर इलाज मिलेगा, जिससे उनकी बीमारी गंभीर होने से पहले ही नियंत्रित की जा सकेगी। साथ ही बाहर इलाज कराने में होने वाले अतिरिक्त खर्च, समय और परेशानी से भी राहत मिलेगी। उम्मीद जताई जा रही है कि इस पहल से नालंदा जिले के सैकड़ों मरीजों को सीधा लाभ मिलेगा और मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता भी बढ़ेगी।

# मनोकामना शिव मंदिर में महाशिवरात्रि पर चार दिवसीय धार्मिक आयोजन की भव्य शुरुआत, १५१ कलशों के साथ निकली शोभायात्रा

**राकेश पासवान की रिपोर्ट केशववाणी** ।
रहुई (नालंदा)। रहूई प्रखंड क्षेत्र के भेंडा गांव स्थित प्रसिद्ध मनोकामना शिव मंदिर में महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर चार दिवसीय भव्य धार्मिक आयोजन की शुरुआत शुक्रवार को कलश यात्रा के साथ हुई। आयोजन को लेकर गांव एवं आसपास के क्षेत्रों में भक्तिमय माहौल बना हुआ है।

कार्यक्रम के संयोजक एवं समिति अध्यक्ष महेंद्र प्रसाद उर्फ गांधी जी, राजेश प्रसाद, शिव कुमार एवं जितेंद्र कुमार ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पारंपरिक श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ आयोजन किया जा रहा है। पहले दिन महिला एवं कुमारी कन्याओं द्वारा 151 कलशों के साथ गाजे–बाजे के बीच भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई।

यह यात्रा मंदिर परिसर से वाहनों द्वारा उमाघाट गंगा घाट पहुंची, जहां पंडितों ने विधि–विधान से पूजा–अर्चना कर कलशों में पवित्र जल भरवाया। इसके बाद श्रद्धालु भक्ति गीतों और जयघोष के साथ पदयात्रा करते हुए गांव लौटे। गांव की परिक्रमा के बाद मंदिर परिसर में कलश स्थापना की गई तथा शाम 3 बजे से 24 घंटे का अखंड कीर्तन आरंभ हुआ।



आयोजन समिति के अनुसार, दूसरे दिन 14 फरवरी को अखंड कीर्तन की पूर्णाहुति के बाद भगवान सत्यनारायण की पूजा होगी। तीसरे दिन 15 फरवरी की संध्या शिव बारात निकाली जाएगी और रात्रि में शिव विवाह का आयोजन किया जाएगा। अंतिम दिन 16 फरवरी को दोपहर 1 बजे महाभंडारा तथा शाम 8 बजे जागरण के साथ कार्यक्रम का समापन होगा।
कलश यात्रा में कुणाल कुमार, गुंजन कुमार, संदीप कुमार, प्रवेश कुमार, बबलू कुमार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर आयोजन को सफल बनाया।

# पूरी दुनिया में भारत अकेला देश है जो ऑक्सीजन को प्राणवायु कहता है - राजीव रंजन भारती, शिक्षकों को वितरित किए गए ३०८ पौधे

रानी सिन्हा की रिपोर्ट **केशववाणी** | नूरसराय (नालंदा)। डायट नूरसराय में हिंदी विषय शिक्षण हेतु प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे जिले के विभिन्न प्रखंडों के 140 प्राथमिक विद्यालय शिक्षकों के बीच शुक्रवार को पर्यावरण संरक्षण को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान मिशन हरियाली नूरसराय की ओर से 152 कटहल और 156 अमरूद सहित कुल 308 पौधे निःशुल्क वितरित किए गए।

कार्यक्रम में मिशन के संस्थापक राजीव रंजन भारती ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए कहा कि ग्लोबल वार्मिंग और क्लाइमेट चेंज आज पूरी दुनिया के लिए गंभीर चुनौती बन चुकी है। इसे रोकने के लिए हर व्यक्ति को अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी। उन्होंने कहा कि भारत ही ऐसा देश है जो ऑक्सीजन को 'प्राणवायु', नदियों को 'मां' और पेड़ों की पूजा करता है, फिर भी देश की हवा की गुणवत्ता चिंताजनक बनी हुई है। देश की बड़ी आबादी प्रदूषित हवा में सांस लेने को मजबूर है, इसलिए धरती पर जीवन को सुरक्षित रखने के लिए हरियाली बढ़ाना अत्यंत आवश्यक है।




बढ़ रही हैं। प्रकृति के साथ संतुलित और प्रेमपूर्ण जीवनशैली अपनाने की जरूरत है। उन्होंने बताया कि हवा, मिट्टी और पानी जैसे प्राकृतिक संसाधन तेजी से प्रदूषित हो रहे हैं। इन मूलभूत तत्वों को प्रदूषण से मुक्त करने के लिए कार्बन फुटप्रिंट कम कर ग्रीन फुटप्रिंट बढ़ाना होगा और प्रत्येक व्यक्ति को पौधरोपण से जुड़ना होगा।कार्यक्रम में प्रभारी प्राचार्य डॉ. सरफराज आलम, राजीव रंजन भारती, विनय प्रकाश, पी. सिंह, नवीन कुमार, प्रमोद कुमार सहित कई शिक्षक एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



# हरनौत नगर पंचायत के नियामतपुर ठाकुरबाड़ी मंदिर में 48 घंटे का अखंड भजन-कीर्तन शुरू, भक्तिमय माहौल

**राकेश पासवान की रिपोट केशववाणी**
**हरनौत** (नालंदा)। हरनौत नगर पंचायत के वार्ड संख्या 17 स्थित नियामतपुर ठाकुरबाड़ी मंदिर परिसर में शुक्रवार सुबह नौ बजे से 48 घंटे का अखंड भजन–कीर्तन शुरू हो गया। ध. ार्मिक आयोजन को लेकर क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण बना हुआ है। अखंड कीर्तन के शुभ. ारंभ अवसर पर उप मुख्य पार्षद प्रतिनिधि सुरेश सिंह, वार्ड पार्षद सुनील कुमार, कमलेश कुमार सहित कई स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं श्रद्धालु मौजूद रहे। ढोलक, झाल, हारमोनियम समेत विभिन्न वाद्य यंत्रों की धुन पर 'हरे राम–हरे कृष्ण' के जयघोष से मंदिर परिसर के साथ–साथ नियामतपुर, गांधी टोला और पंचशील नगर मोहल्ला गूंजायमान हो उठा।

इस धार्मिक अनुष्ठान में भजन मंडली के साथ विभि. ान्न मोहल्लों के महिला–पुरुष श्रद्धालुओं की उत्साहपूर्ण सहभागिता देखने को मिल रही है। पंडित संजीव पांडेय ने बताया कि महाशिवरात्रि के दिन पूर्णाहुति के साथ इस आयोजन का समापन होगा।उन्होंने कहा कि अखंड भजन–कीर्तन से ईश्वर के प्रति अटूट भक्ति, मन की शुद्धि, मानसिक शांति और सामूहिक आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार होता है। यह नकारात्मक विचारों को दूर कर प्रभु से जुड़ने का सरल और आत्म–अनुशासित मार्ग है। वार्ड पार्षद सुनील कुमार, हरेराम कुमार, दामोदर प्रसाद, प्यारे चौधरी, दिनेश प्रसाद, ब्रजेश कुमार, भोला यादव और अनिरुद्ध कुमार ने बताया कि यह अखंड भजन–कीर्तन हर वर्ष आयोजित किया जाता है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाग लेते हैं।



# डीडी के स्वर्णिम युग की आवाज सरला माहेश्वरी नहीं रहीं
# लीफ आर्टिस्ट मधुरेंद्र ने अनोखी कलाकृति से दी श्रद्धांजलि

## लीफ आर्टिस्ट मधुरेंद्र ने सरला महेश्वरी को दी श्रद्धांजलि, तस्वीर हुई वायरल

**शंकर कुमार सिन्हा की रिपोर्ट केशववाणी ।** पटना। हिंदी पत्रकारिता और दूरदर्शन के स्वर्णिम दौर की एक अहम और विश्वसनीय आवाज़ सरला मा. हेश्वरी अब हमारे बीच नहीं रहीं। उनका निधन केवल एक वरिष्ठ पत्रकार का जाना नहीं, बल्कि उस युग की विदाई है जब समाचार संयम, भाषा की शुद्धता और तथ्यनिष्ठ प्रस्तुति के लिए पहचाने जाते थे।सोशल मीडिया पर उनके निधन की सूचना मिलते ही भारत के प्रसिद्ध अंतर्राष्ट्रीय लीफ आर्टिस्ट मधुरेंद्र कुमार भावुक हो उठे। उन्होंने अपनी विशेष कला के माध्यम से श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए एक अद्भुत कलाकृति तैयार की।लीफ आर्ट के जादूगर मधुरेंद्र ने पांच घंटे की कठिन साधना के बाद मात्र 3 सेंटीमीटर के पीपल के हरे पत्ते पर सरला माहेश्वरी की अत्यंत सूक्ष्म और जीवंत तस्वीर उकेरी। इस अनूठी कलाकृति के साथ उन्होंने भावपूर्ण शब्दों में लिखाकृ "अलविदा सरला माहेश्वरी"। उनकी यह कलाकृति देखते ही देखते सोशल मीडिया पर वायरल हो गई और लोगों ने इसे भावभीनी श्रद्धांजलि बताया।मधुरेंद्र कुमार ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि बचपन के दिनों में सरला माहेश्वरी देश की सबसे लोकप्रिय समाचार वाचिकाओं में से एक थीं।

उन्होंने अत्यंत सौम्य, गरिमामय और विश्वसनीय अंदाज में समाचार प्रस्तुत कर दर्शकों का विश्वास जीता। ब्लैक एंड व्हाइट टीवी युग में भी उन्होंने अपनी प्रभावशाली प्रस्तुति से इतिहास रचा।




गौरतलब है कि सरला माहेश्वरी ने 1970 के दशक से लेकर 2005 तक पत्रकारिता जगत में सक्रिय भूमिका निभाई। उस दौर में लोग समाचार सुनने के लिए घरों में शांति से बैठते थे। उनकी रिपोर्टिंग में न शोर था, न उत्तेजनाकृबल्कि समाज और सत्ता के बीच संतुलित संवाद था।

आज जब टीवी पत्रकारिता पर टीआरपी की होड़ और शोर–शराबे का आरोप लगता है, ऐसे समय में सरला माहेश्वरी का कार्य और भी प्रासंगिक प्रतीत होता है। उनकी पत्रकारिता सत्य, संयम और संवेदना की मिसाल रही।

# हरनौत नगर पंचायत में स्थायी आधार सेवा केंद्र शुरू, नया पंजीयन, संशोधन व मोबाइल अपडेट की सुविधा उपलब्ध

**सुनील कुमारकी रिपोर्ट, केशववाणी । हरनौत (नालंदा)।** हरनौत नगर पंचायत क्षेत्र में आधार कार्ड से जुड़ी सेवाओं के लिए स्थायी आधार सेवा केंद्र की शुरुआत कर दी गई है। केंद्र खुलने के साथ ही नया आधार कार्ड बनवाने, विवरण संशोधन कराने तथा मोबाइल नंबर अपडेट कराने की प्रक्रिया शुरू हो गई है, जिससे स्थानीय लोगों को बड़ी राहत मिली है। यह केंद्र प्रखंड मुख्यालय स्थित पीएचईडी पानी टंकी के पास एक भवन में संचालित किया जा रहा है। ग्रामीण विकास विभाग बिहार के माध्यम से टेंडर प्रक्रिया पूरी कर इसे स्थापित किया गया है।उप मुख्य पार्षद प्रतिनिधि सुरेश सिंह ने बताया कि आधार सेवाओं के लिए पहले लोगों को दूर–दराज के क्षेत्रों में जाना पड़ता था, जिससे बुजुर्गों, मि. हलाओं और छात्रों को काफी परेशानी होती थी। अब सबनहुआ, रूपसपुर, पोरई, चेरन, बस्ती, श्रीचंदपुर, डिहरीगढ़, बबन बिगहा, माधोपुर–सबनहुआ, चौरिया, नियामतपुर, धर्मपुर समेत आसपास के क्षेत्रों के लोगों को स्थानीय स्तर पर ही सुविधा मिल सकेगी। केंद्र पर कार्यरत ऑपरेटर बब्लू कुमार ने बताया कि यहां सभी सेवाएं सरकार द्वारा निध. ारित शुल्क पर ही उपलब्ध कराई जा रही हैं। बायोमेट्रिक सुधार के लिए 125 रुपये, डेमोग्रा. फिक अपडेट के लिए 75 रुपये, दस्तावेज सत्यापन के लिए 75 रुपये तथा आधार कार्ड डाउनलोड व कलर प्रिंट के लिए 40 रुपये शुल्क निर्धारित है। वहीं पांच से सात वर्ष तथा 15 से 17 वर्ष आयु वर्ग के अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट और नया आधार पंजीयन निःशुल्क है। सात से पंद्रह वर्ष के बच्चों का अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट आगामी 30 सितंबर तक मुफ्त रहेगा।स्थानीय लोगों ने केंद्र को नियमित एवं स्थायी रूप से संचालित रखने की मांग की है। सूत्रों के अनुसार कई स्थानों पर आधार केंद्रों के बंद होने का मुख्य कारण भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण द्वारा सेवा प्रदाताओं के नियमों में किए गए बदलाव हैं। ऐसे में हरनौत में शुरू हुआ यह केंद्र आमजन के लिए काफी लाभदायक साबित हो रहा है।




# जनगणना २०२७ की तैयारी तेज- हरनौत प्रखंड में पांच कोषांगों का गठन, दो चरणों में होगा कार्य

राकेश पासवान की रिपोर्ट केशववाणी । हरनौत (नालंदा)। भारत की जनगणना 2027 के सफल एवं समयबद्ध संचालन को लेकर प्रखंड हरनौत में प्रशासनिक तैयारियां तेज कर दी गई हैं। जनगणना कार्य को सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए पांच अलग–अलग कोषांगों का गठन किया गया है। यह गठन भारत की जनगणना अधिनियम, 1948 तथा जनगणना नियमावली 1990 के प्रावधानों के तहत किया गया है। प्रखंड के चार्ज पदा. धिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ. पंकज कुमार द्वारा जारी आदेश के अनुसार कार्मिक कोषांग, सामग्री कोषांग, प्रशिक्षण कोषांग, आईटी कोषांग एवं नियंत्रण कोषांग का गठन किया गया है। सभी कोषांगों को अपने–अपने दायित्वों के अनुरूप कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं। आदेश के मुताबिक जनगणना कार्य दो चरणों में संपन्न होगा। पहले चरण में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना की जाएगी, जबकि दूसरे चरण में जनसंख्या की विस्तृत गणना की जाएगी।गठित कोषांगों को गणनाकर्ताओं एवं पर्यवेक्षकों की प्रतिनियुक्ति, प्रशिक्षण की व्यवस्था, आवश्यक सामग्री की उपलब्धता, आईटी पोर्टल पर डाटा अद्यतन, मॉनिटरिंग एवं नियंत्रण संबंधी सभी कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने का निर्देश दिया गया है। इस संबंध में शिक्षक मनीष कुमार ने बताया कि जनगणना एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय दायित्व है। सभी पदाधिकारी एवं कर्मी आपसी समन्वय और सहयोग से इस कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराएंगे।

# सीसीटीवी फुटेज के आधार पर गैस सिलेंडर चोरी का आरोपी गिरफ्तार, सामान बरामद

**सुनील कुमारकी रिपोर्ट, केशववाणी । हरनौत (नालंदा)।** हरनौत थाना क्षेत्र के चंडी मोड़ के पास गैस सिलेंडर चोरी की घटना में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी चोर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। चोरी गया सिल. ेंडर भी बरामद कर लिया गया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, रुपसपुर गांव निवासी राजेंद्र केवट के पुत्र जितेंद्र कुमार अपनी बाइक पर गैस सिलेंडर बांधकर गुरुवार की संध्या सब्जी खरीदने के लिए चंडी मोड़ के पास रुके थे। इसी दौरान अज्ञात चोर ने मौका पाकर बाइक से बंधा सिलेंडर चा. ेरीदौरान अज्ञात चोर ने मौका पाकर बाइक से बंधा सिलेंडर चोरी कर लिया।घटना के बाद आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई, जिसमें सिलेंडर ले जाते हुए एक संदिग्ध व्यक्ति की तस्वीर स्पष्ट दिखी। फुटेज के आधार पर पुलिस ने आरोपी की पहचान कर शुक्रवार को उसे गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष मुकेश कुमार वर्मा ने बताया कि चोरी गया सिलेंडर बरामद कर लिया गया है तथा आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। पुलिस आगे की कार. ॅवाई में जुटी है।

